आज समाज पेपर- 03/07/15

बेरोजगार करेंगे शॉर्ट टर्म कोर्स

■ स्किल डेवलपमेंट सेंटर का विकास सदन में शिलान्यास

आज समाज नेटवर्क

गुड़गांव। जिला उपायुक्त टीएल सत्यप्रकाश ने आज जगुआर कंपनी के सहयोग से बनाए जाने वाले स्किल डेवलपमेंट सेंटर का विकास सदन में शिलान्यास किया। यह सेंटर लगभग 90 लाख रुपए की लागत से तैयार किया जाएगा जिसमें बेरोजगार लोगों को शॉर्ट टर्म कोर्सिज करवाए जाएंगे। इस अवसर पर उनके साथ जगुआर ग्रुप के डायरेक्टर व प्रमोटर राजेश मेहरा व अजय मेहरा भी उपस्थित थे।

इस अवसर पर उपायुक्त टीएल सत्यप्रकाश ने कहा कि किसी भी व्यक्ति के जीवन को सुधारने का सबसे अच्छा माध्यम है कि उसे किसी भी रोजगार संबंधी व्यवसाय का कौशल दिया जाए।

डेवलपमेंट सेंटर का शिलान्यास करते डीसी। आज समाज

उन्होंने कहा कि कौशल देने से हम किसी भी व्यक्ति को पूरे जीवन के लिए रोजगार के लायक बना सकते हैं जिससे उसका पूरा जीवन सुखमय बन सकता है। उन्होंने कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है हृस्किल डेवलपमेंट सेंटरहृ बनाने के कार्य में जगुआर जैसे बड़े व नामी ग्रुप द्वारा सहयोग दिया जा रहा है। उन्होंने जगुआर परिवार से आए सदस्यों को बधाई देते हुए उनकी इस रचनात्मक सोच की प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के कार्यों में अपना योगदान देने के लिए जिला प्रशासन हर प्रकार की संभव मदद करने के लिए तैयार है। कार्यक्रम में नगर निगम गुड़गांव के डिप्टी मेयर परमिंदर कटारिया ने उपायुक्त व जगुआर ग्रुप का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि लोगों में रोजगार के अच्छे स्किल उत्पन्न करना एक अच्छी सोच है। उन्होंने कहा कि जगुआर ग्रुप हमेशा अपनी अलग व रचनात्मक सोच के लिए जाना जाता है जोकि लोकहित में हो। उन्होंने कहा कि उद्योगों में आज भी कुशल कारीगरों की कमी महसूस की जाती है और इस सेंटर के शुरू होने से उद्योगों को जहां एक तरफ कुशल कारीगर मिलेंगे वही दूसरी तरफ लोगों को आजीविका के साधन भी उपलब्ध होंगे। प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजेश गुप्ता ने कहा कि स्किल डेवलपमेंट सेंटर के शुरू होने पर एक साल के अंदर-अंदर लगभग 600 बेरोजगार युवकों को रोजगार देने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि इस लक्ष्य को पूरा करने के लिए आरडब्ल्यूए का भी सहयोग लिया जाएगा ताकि अधिक से अधिक लोगों को इस सेंटर से जोड़ा जा सके। इस अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी डॉ. मनोज कौशिक व जिला प्राथमिकी शिक्षा अधिकारी प्रेमलता यादव भी उपस्थित थी।